## खबर संक्षेप

### सांसद ने विकसित भारत बजट महिला संवाद के कार्यक्रम को किया संबोधित

**छिन्दवाड़ा।** पिछले एक दशक में महिलाओं को शासन और विकास के केन्द्र में रखते हुए इनकी स्थिति में सकारात्मक बदलाव आया है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पीएम उज्जवला योजना, मिशन शक्ति तथा लखपति दीदी कार्यक्रम के अंतर्गत स्व सहायता समूहों के विस्तार जैसी पहलों से महिलाओं के स्वास्थ्य, सुरक्षा, वित्तीय सशक्तिकरण और नेतृत्व क्षमता को मजबूती मिली है। यह प्रयास महिला नेतृत्वित के दिशा में स्पष्ट बदलाव को दर्शाते है। जहा नारी शक्ति को एक सशक्त और समावेशी भारत की आधारशिला माना गया है उक्त आशय के उद्गार सांसद बंटी विवेक साहू ने भाजपा कार्यालय छिन्दवाड़ा में आयोजित विकसित भारत बजट महिला संवाद के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहे।

### भ्रामक खबरों पर प्रशासन का स्पष्टीकरण

**पांढुर्णा।** ग्राम वाडेगांव, ग्राम पंचायत वाडेगांव में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइपलाइन बिछाने एवं सी.सी. रोड कटिंग कार्य को लेकर कुछ माध्यमों द्वारा भ्रामक एवं तथ्यहीन जानकारी प्रकाशित/प्रसारित की गई है, जिसके संबंध में वास्तविक स्थिति स्पष्ट किया जाना आवश्यक है। इस संबंध में यह स्पष्ट किया जाता है कि ग्राम वाडेगांव में जल जीवन मिशन के अंतर्गत कुल 2101 मीटर सी.सी. रोड की कटिंग पाइपलाइन बिछाने के लिए की गई थी, जिसमें से 230.00 मीटर सी.सी. रोड का कार्य संबंधित ठेकेदार द्वारा पूर्ण कर लिया गया है। शेष मार्गों पर रोड सुधार एवं मरम्मत का कार्य निरंतर प्रगति पर है। जहाँ-जहाँ सड़क मरम्मत का कार्य शेष है, वहाँ अतिरिक्त मटेरियल हटाकर मार्ग को अस्थायी रूप से आवागमन योग्य बना दिया गया है। यह भी स्पष्ट किया जाता है कि किसी भी स्थान पर पाइपलाइन को सड़क के मध्य अधूरा अथवा खुला नहीं छोड़ा गया है। भूमि की खुदाई उपरांत मिट्टी को व्यवस्थित रूप से भराव (रिफिलिंग) करने की प्रक्रिया में स्वाभाविक रूप से कुछ समय लगता है।

### किसानों का किया जा रहा शोषण बंद करे सरकार : - राष्ट्रीय जन किसान पार्टी

**छिंदवाड़ा** - राष्ट्रीय जन किसान पार्टी के अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने प्रदेश और केन्द्र की भाजपा सरकार पर तंज कसते हुये यह आरोप लगाया है कि एक ओर तो राज्य और केन्द्र सरकार मिलकर किसानों को लुभावने सपने किसान की फसल का दुगुना लाभ दिलाने और किसान वर्ष 2026 मनाने जैसे झूठे शगूफे छोड़कर गरीब किसानों को लुभा रही है, तो दूसरी ओर भीषण मँहगाई में किसानों की मेहनत की उपज मक्का, सोयाबीन, कपास, तुअर व अन्य फसलों के समर्थन मूल्य गलत घोषित करने के बाद भी घोषित समर्थन मूल्य में किसानों की उपज को नहीं खरीद रही और मण्डी व्यापारियों के माध्यम से किसानों की फसलों की लूट कराने में माहिर हो रही है जिससे प्रदेश और मोदी सरकार पर किसानों का भरोषा उठ रहा है ।

## ठेकेदार को मिल रहा पटवारी और सचिव का अघोषित सहयोग

# छात्रावास, आश्रम ठेकेदार जन उपयोगी पानी का कर रहे निर्माण में उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

तामिया जनपद क्षेत्र में तैनात अधिकारीयों, कर्मचारियों की कार्य प्रणाली से सिद्ध होता है। यह आदिवासी क्षेत्र उनके लिए चारागाह साबित हो रहा है क्योंकि वह मनमाने तरीके से नौकरी कर शासकीय धन की लूट खसोट मचाए हुए हैं। पंचायत सहित हर विभाग के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार का खुला खेल अधिकारियों की मिली भगत से हो रहा है।

इसके कुछ प्रत्यक्ष उदाहरण है कि तामिया सादीपानी स्कूल बनाने वाले ठेकेदार की मनमानी के कई उदाहरण पेश किये वर्षों तक खेल मैदान पर अधिकारियों की मेहरबानी से अवैध कब्जा कर रखा था। इसके अलावा उन्होंने



अनावश्यक रूप से पेयजल आपूर्ति करने वाले कुएं को दफन कर दिया इस तरह जल संवर्धन के प्रयास को किस तरह धक्का लगा समझा जा सकता है। इसी की वानगी इन दिनों पुराने मिडिल स्कूल परिसर में सहायक आयुक्त कार्यालय से छात्रावास निर्माण ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है जिसमें उन्होंने शासन के निर्देशों की खुली अवेहलना कर बिना अनुमति दर्जन में पेड़ काट दिए थे। इसके बाद उनकी मनमानी का दूसरा नमूना देखने मिल रहा है कि सरकार जल संरक्षण के कई का य ् क्र म आयोजित कर जल बचाने जैसे कार्यक्रम के लिए लोगों को जागृत करने का प्रयास कर रही है, लेकिन इन ठेकेदारो ने इसी निर्माण के पीछे की नदी में पनडुब्बी मोटर लगाकर नदी में संचित जल का निर्माण कार्य में उपयोग खुलेआम किया जा रहा है जिससे आने वाले गर्मी के दिनों में पशु पक्षियों को मिलने वाला पानी ठेकेदार के निर्माण कार्य में लगने से समाप्त हो जाएगा और इसका खामी आज मूक पशु पक्षियों को भुगतना पड़ेगा।

दूसरा उदाहरण बाजू में ही बतलाया जाता है कि छात्रावास निर्माण जो हो रहा है जिसमें कोई बोर्ड नहीं लगा है कि किस विभाग का है और ठेका कंपनी कौन है वह भी इस संचित जल को निर्माण कार्य में उपयोग कर रहे हैं जिस कारण कुछ दिनों में ही यह नदी जो वर्षा काल के प्रारंभ तक पानी पशु पक्षियों के लिए उपयोग में आता था उसे भी समाप्त कर देंगे साथ ही जल स्तर बढ़ने वाले स्त्रोत भी इन ठेकेदारों द्वारा पानी लिए जाने से समाप्त होंगे जिससे आने वाले भविष्य में इनके लालच के कारण पानी की समस्या विद्यमान होती रहेगी यदि तुरंत पानी लेना नहीं रोका गया तो यह नदी को सुखाने में कोई कमी नहीं रखेंगे क्योंकि वर्तमान में निर्माण कार्य में दसौ हजार लीटर पानी प्रतिदिन निर्माण कार्यों में ले रहे हैं।

वहीं इस मामले में ग्राम पंचायत भी या तो लापरवाह है या फिर ठेकेदार से मोटी रकम लेकर ठेकेदार को पानी लेने की अघोषित अनुमति दे रखी है। इस पानी लिए जाने मै खास बात यह है कि इसके बायर खुले मैदान में पड़े रहते हैं। इस कारण बिजली के करंट से किसी मजदूर के साथ अनहोनी घटना भी घट सकती है।

इन सारी बातों पर संबंधित विभाग राजस्व एवं पंचायत जिनके ऊफर जल संवर्धन की जिम्मेदारी है, उन्हें बचे खुचे पानी को बचाने आगे आना होगा जिससे नदी में पानी बच सके।

# 63 रोगियों का किया निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

संचालनालय आयुष, मध्यप्रदेश शासन भोपाल के निर्देशन एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ.प्रमिला यावतकर के मार्गदर्शन में गत दिवस आयुष्मान आरोग्य मंदिर हिवरखेड़ी द्वारा ग्राम बांद्रा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सामुदायिक आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ.गौरव साहू द्वारा 63 रोगियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। मधुमेह व उच्च रक्तचाप की जांच कर रोगियों को औषधि वितरित की गई। शिविर में जनमानस को ऋतु परिवर्तन से निपटने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। ऋतु परिवर्तन में होने वाली बीमारियों की जानकारी एवं बचने के उपाय बताए गये, जिसमें



आहार-विहार, ऋतु चर्या दिनचर्या, योग अभ्यास, परामर्श एवं औषधि पौधों की सामान्य जानकारी दी गई। योग प्रशिक्षक श्री सरवन डेहरिया द्वारा योग अभ्यास कराया गया व प्रतिदिन योग, प्रणायाम के लिए प्रेरित किया गया। शिविर के सफल आयोजन में आयुर्वेद कम्पांउडर श्रीमती शशिकला धुर्वे, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता श्रीमती देवित्रा धुर्वे, औषधालय सेवक श्री मोहन वंशकार व योग सहायक श्रीमती निर्मला वाडिवा का सहयोग रहा।

### मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना : द्वारका–सोमनाथ तीर्थ यात्रा के लिये विशेष ट्रेन आज होगी रवाना

**छिन्दवाड़ा।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत जिले से चयनित तीर्थ यात्रियों को द्वारका–सोमनाथ तीर्थ यात्रा पर भेजने के लिए 09 से 15 फरवरी 2026 तक की समय-सारणी निर्धारित की गई है। योजना के तहत विशेष ट्रेन 09 फरवरी 2026 सोमवार को शाम 07:30 बजे छिन्दवाड़ा रेलवे स्टेशन से रवाना होगी। इसके लिए चयनित तीर्थ यात्रियों की सूची संबंधित जनपद पंचायतों एवं नगरीय निकायों को पूर्व में उपलब्ध कराई जा चुकी है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सभी चयनित तीर्थ यात्रियों को 09 फरवरी 2026 सोमवार को शाम 06:30 बजे तक छिन्दवाड़ा रेलवे स्टेशन में उपस्थित कराना अनिवार्य होगा। कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन द्वारा यात्रियों को स्टेशन तक लाने एवं विशेष ट्रेन में बैठाने की समस्त व्यवस्था एवं दायित्व आयुक्त नगर पालिक निगम छिन्दवाड़ा तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत छिन्दवाड़ा को सौंपे गये हैं। इस कार्य के लिये संबंधित मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा पर्याप्त कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से तैनात किया जाएगा, जो यात्रियों की गणना कर उन्हें ट्रेन में बैठाकर प्रतिवेदन कार्यालय में प्रस्तुत करेंगे।

### जिले की महिला किसानों की पहल को मिली प्रदेश स्तर पर सराहना

**छिन्दवाड़ा।** छिंदवाड़ा जिले के मोहखेड़ ब्लॉक की महिला किसान श्रीमती ज्योति सोमकुंवर ने प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में अपने नवाचार, अनुभव और जमीनी प्रयासों से प्रदेश स्तर पर पहचान बनाने में सफलता पाई है। भोपाल के मिंटो हॉल में आयोजित ₹मनन 2026₹ (**MANAN** 2026) प्राकृतिक खेती विषयक कार्यक्रम में प्रदेश की महिला किसानों ने अपने अनुभव साझा किए, जिसमने छिंदवाड़ा जिले की ज्योति सोमकुंवर को भी अपने अनुभव साझा करने का अवसर मिला, जिसकी प्रदेश स्तर पर सराहना की गई। उप संचालक कृषि श्री जितेंद्र सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम कृषि विभाग के सचिव श्री निशांत वरवड़े (आईएएस) के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर सचिव मध्यप्रदेश राज्य जैव-विविधता बोर्ड श्री अजय यादव (आईएफएस), उप संचालक कृषि (आईटी, आरकेवीवाय, पीकेवीवाय) सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण, निजी क्षेत्र, सिविल सोसाइटी संगठनों तथा किसान प्रतिनिधियों सहित लगभग 150 बहु-हितधारकों ने सहभागिता की। जिले के विकासखंड मोहखेड़ की महिला किसान एवं हकदर्शिका श्रीमती ज्योति सोमकुंवर ने हकदर्शिका संस्था से जुड़कर किसानों को शासन की विभिन्न योजनाओं से जोड़ने के अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि किस प्रकार वे गांव-गांव जाकर किसानों को उनके अधिकारों और शासकीय योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें लाभान्वित कर रही हैं। उनके इस कार्य की जानकारी राज्य समन्वयक श्री अमोल गावंडे (आरपीएलसी कार्यक्रम) द्वारा साझा की गई। वहीं नव गठित पांढुर्णा जिले के विकासखंड सौंसर से महिला किसान श्रीमती मीता धुर्वे एवं श्रीमती कविता सिरसाम ने भी बड़ादेव जैविक उत्पादक समूह के माध्यम से ग्राम जोबनढाना में सृजन संस्था के सहयोग से संचालित जैविक उत्पाद केंद्र (बीआरसी) की गतिविधियों पर प्रकाश डाला।

# केंद्रीय बजट में मोदी जी ने महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता दीः पटेल

## प्रचार अभियान के तहत महिला संवाद कार्यक्रम को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री सुश्री शशि पटेल, सिवनी पूर्व सांसद श्रीमती नीता पटेरिया, सांसद विवेक बंटी साहू,भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने रविवार को डॉक्टर श्याम प्रसाद मुखर्जी परिसर(जिला भाजपा कार्यालय)में केंद्रीय बजट 2026-27 के प्रचार अभियान के तहत आयोजित महिला संवाद को संबोधित किया।

भारतीय जनता महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री सुश्री शशि पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने जो बजट पेश किया है, वह न केवल आने




वाले भविष्य को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, बल्कि यह नई दिशा में देश को अग्रसर करेगा। प्रधानमंत्री मोदी जी ने महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी है और इस बजट में ऐतिहासिक प्रावधान किए गए हैं, जिनसे महिलाएं आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक रूप से सशक्त होंगी। 2014 के बाद देश में टैक्स देने की मानसिकता का एक बड़ा बदलाव आया है और आज लोग टैक्स बचाने के बजाय इसे ईमानदारी से चुकता करना चाहते हैं, यह मोदी सरकार का एक महत्वपूर्ण योगदान है। भारत की इकोनॉमी आने वाले समय में दुनिया में सबसे मजबूत और सबसे बेहतर होगी। यह बजट उस संकल्प को दर्शाता है, जिसमें न केवल महिलाओं के अधिकारों को सुनिश्चित किया गया है, बल्कि समग्र रूप से देश की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने के लिए कई दूरगामी कदम उठाए गए हैं।

भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सिवनी की पूर्व सांसद नीता पटेरिया ने कहा कि जब प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने 2014 में देश की कमान संभाली, तब भारत 11 वें नंबर की इकोनॉमी था। बेरोजगारी और इन्फ्रास्ट्रक्चर के मामले में देश काफी पिछड़ा हुआ था। उस समय देश का टैक्स कलेक्शन इस स्थिति में था कि सरकारी कर्मचारियों की सैलरी का खर्च भी पूरी तरह से नहीं निकल पाता था। 1980-1990 के दशक में इनकम टैक्स का स्लैब 60 प्रतिशत तक था, और इसके ऊपर 12 प्रतिशत सरचार्ज भी लगता था। इसके अतिरिक्त, कंपल्सरी डिपॉजिट स्कीम के तहत 4 प्रतिशत और पीपीएफ में 15 प्रतिशत राशि डालनी पड़ती थी। सरकारों का यह मानना था कि जितना अधिक टैक्स का स्लैब होगा, उतनी ज्यादा आमदनी होगी, लेकिन यह सोच गलत थी।

### जल शोधन संयंत्र में कार्य के कारण जल प्रदाय प्रभावित रहेगा

**छिंदवाड़ा।** नगर निगम के भरतादेव स्थित 11 एमएलडी जल शोधन संयंत्र में फ़िल्टर बेड का आवश्यक कार्य दिनांक 10 फरवरी 2026 से 13 फरवरी 2026 तक किया जाएगा। उक्त अवधि में नगर निगम क्षेत्र के चन्दनगांव पम्प हाउस कॉलोनी, डी.डी.सी. पानी टंकी क्षेत्र, गुलाबरा, सब्जी मंडी पानी टंकी से जल प्रदाय होने वाला क्षेत्र, साउथ सिविल लाइन चौक से पंचशील कॉलोनी, गीता नगर, शनिचरा बाजार टंकी से लालबाग, चूनाभट्टा, डी. नेमा वाली गली, गांधीगंज, नई आबादी, रेलवे स्टेशन के सामने का क्षेत्र, गुलजार नगर, सिवनी रोड, नूरी टेंट वाली गली, सुकलु ढाना, सर्रा, इमलीखेड़ा चौक, इमलीखेड़ा बस्ती एवं थूनियाभांड में एक दिवस छोड़कर जल प्रदाय किया जाएगा।

### भाजपा सरकार में बालिकाओं को मिल रहा महत्व : साहू



**छिन्दवाड़ा।** भाजपा सरकार में बालिकाओं को विशेष महत्व दिया जा रहा है। इसी का परिणाम है कि आज बालिकाएं हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है। वे आज देश की सीमा की सुरक्षा भी कर रही है और ट्रेन और जैट भी उड़ा रही है। उक्त आशय के उद्गार सांसद बंटी विवेक साहू ने पटेल नर्सिंग ट्रेनिंग सेंटर के वार्षिकोत्सव के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने सेंटर की उत्कृष्ट बालिकाओं को सम्मानित भी किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश और देश में बालिकाओं की नेतृत्व क्षमता बढ़ाने और उन्हें सशक्त करने के लिए विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। जिसका सीधा लाभ बालिकाओं को मिल रहा है। उन्होंने बालिकाओं को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में सेंटर संचालक मोहिनी आदित्य पटेल, दीपक खंडेलवाल, प्रभुनारायण नेमा, विशवेन्द्र बैस, आशीष बरहैया सहित अन्य स्टॉफ और बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थी।

### संगठन को संगठित कर शक्ति देने की जिम्मेदारी प्रभारी व पर्यवेक्षक की है- कमलनाथ

**छिन्दवाड़ाः-** संगठन को संगठित करने के साथ ही पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ हर कदम पर साथ चलने की जिम्मेदारी प्रभारी व पर्यवेक्षक की है। जिले में जारी एसआईआर प्रक्रिया के दौरान मतदाताओं के नाम काटे जाने को लेकर भी सर्तक रहने की हिदायत दी, उन्होंने कहा कि यह अवश्य ध्यान दें कि किसी भी वास्तविक मतदाता का नाम ना कटें। छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्ना जिले के समस्त विधानसभा प्रभारी व पर्यवेक्षकों की आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए कमलनाथ ने कहा कि वर्तमान में जारी एसआईआर की प्रक्रिया पर सभी गम्भीरता पूर्वक ध्यान दें। क्योंकि पूरे प्रदेश से लगातार यह शिकायतें आ रही है कि वास्तविक मतदाताओं के नाम सोची-समझी साजिश के तहत काटे जा रहे हैं। सभी विधानसभा प्रभारी और पर्यवेक्षकगण अपने-अपने प्रभार वाले क्षेत्रों में सक्रिय रहें और यह ध्यान दें कि किसी भी स्थिति में वास्तविक मतदाताओं के नाम न कटें। यह तभी संभव होगा जब प्रभारी व पर्यवेक्षक सतत रूप से अपने प्रभार वाले क्षेत्रों में रहें अथवा सम्पर्क में बनें रहे। नकुलनाथ जी ने संगठनात्मक गतिविधियों पर जोर देते हुए कहा कि संगठन व बूथ तक पार्टी को मजबूत करने की सबसे बड़ी कड़ी प्रभारी व पर्यवेक्षक है। बूथ कमेटियों के गठन में जरा भी लापरवाही ना करें, क्योंकि जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने में बूथ कमेटी अहम भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि हर पांच साल नहीं बल्कि हर साल परिस्थितियां बदल रही है जिसके साथ हमें भी बदलना होगा। छिन्दवाड़ा व पांढुर्ना जिले के उपस्थित प्रभारी व पर्यवेक्षकगणों से कहा कि वे अभी से पार्टी की युवा पीढ़ी का मार्गदर्शन करें। माननीय नकुलनाथ जी ने भी एसआईआर की जारी प्रक्रिया में फार्म सात के माध्यम से वास्तविक मतदाताओं के नाम काटे जाने के मामले को गम्भीरता से लेने के लिए कहा।

### चयनित युवाओं को दिए चयन पत्र, प्रशिक्षित युवाओं को प्रदान किए प्रमाण पत्र

**छिन्दवाड़ाः-** उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा के साथ ही रोजगार की जब भी बात आती है तो मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ का नाम युवाओं की जुबान पर अवश्य आता है। क्योंकि युवाओं के लिए विश्वास और भरोसे के दो नाम माननीय कमलनाथ व माननीय नकुलनाथ है। जिन्होंने विगत 47 वर्षों से लगातार जिले की सेवा की है और आज भी यह सेवा सतत व अबाध्य रूप से जारी है। जिले के युवाओं को रोजगार से जोड़ने व उनका मार्गदर्शन करने के लिए लगातार विभिन्न राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर की कम्पनियों के द्वारा साक्षात्कार स्थानीय स्तर पर लिए जाते हैं जिनकी कल्पना करना भी संभव नहीं होता, किन्तु यह सबकुछ संभव होता है नेताद्वय के व्यक्तिगत प्रयासों से। जिसकी सराहना पूरे प्रदेश ही नहीं बल्कि देश में भी होती है। हाल ही में इंडिगो एयर लाइन्स कम्पनी के प्रतिनिधि मंडल के द्वारा स्थानीय राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय में साक्षात्कार लिया गया था। इस साक्षात्कार में चयनित हुए युवाओं का एचआर साक्षात्कार के लिए चयन हो चुका है। चयनित समस्त युवाओं ने शिकारपुर कमलकुंज पहुंचकर माननीय कमलनाथ जी एवं माननीय नकुलनाथ जी का हृदय से आभार माना। नेताद्वय ने चयनित युवाओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए मन लगाकर कार्य करने की बात कही।

### सांसद बंटी विवेक साहू ने नवविवाहित दंपत्ति को दी शुभकामनाएं

**छिन्दवाड़ा।** सौंसर विधायक विजय चौरे की सुपुत्री सानिका चौरे के विवाह समारोह में शामिल हुए सांसद बंटी विवेक साहू ने नवविवाहित दंपत्ति को भी हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने विधायक विजय चौरे सहित अन्य परिवारजनों से भी मुलाकात करते हुए उन्हें भी विवाह आयोजन की शुभकामनाएं दी। वही भाजपा मंडल मोहखेड़ के महामंत्री गणेश डोंगरे की भतिजी अनामिका के सुविवाह के अवसर पर उनके निवास स्थान पहुंचकर उन्हें भी हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। इस अवसर पर पूर्व विधायक अजय चौरे, जगेन्द्र अल्डक, विशवेन्द्र बैस सहित अन्य वरिष्ठ भाजपा नेता, कार्यकर्ता और सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

### देश के विकास में विश्वकर्मा समाज की महत्वपूर्ण भूमिका : बंटी विवेक साहू



**छिन्दवाड़ा।** देश के विकास में विश्वकर्मा बढ़ई समाज की महत्वपूर्ण भूमिका है। समाज के लोगों ने अपने पुरखों के द्वारा दिए गए सिध्दांतों और मार्ग पर चलकर अपना और देश का विकास किया है। यह बात सांसद बंटी विवेक साहू ने राजा की बगिया छिन्दवाड़ा में आयोजित विश्वकर्मा बढ़ई समाज आयोजित समारोह के दौरान कही। उन्होंने समाज के लोगों को हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर सांसद श्री साहू ने रामेश्वरम धाम सिहोरामाल में 19 से 26 मार्च तक आयोजित हो रहे 1008 कुण्डीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ के लिए समस्त सामाजिक बंधुओं को आमंत्रण पत्र देते हुए उन्हें कार्यक्रम में आमंत्रित भी किया। इस अवसर पर समाज के द्वारा भगवान विश्वकर्मा का प्रकटोत्सव मनाया गया। वहीं कार्यक्रम में युवक-युवती परिचय सम्मेलन, सामाजिक परिचर्चा, फ्री हेल्थ चेकअप एवं कवि सम्मेलन का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान छिन्दवाड़ा एवं अन्य जिलों से आए 60-70 युवक युवतियों ने अपना परिचय भी दिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जगेन्द्र अल्डक, चंद्रभान देवरे, प्रभुनारायण नेमा, विशवेन्द्र बैस, समाज के अध्यक्ष सुकम प्रसाद विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष विनोद मालवी, कोषाध्यक्ष गौरिशंकर मालवी, सचिव रामकृष्ण मालवी, सहसचिव रवि राघवेन्द्र मालवी, प्रीतम विश्वकर्मा, कुबेर विश्वकर्मा, नंदलाल विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

## शहर में विभिन्न स्थानों पर आयोजित सामाजिक संगठनों की बैठकों में दी 1008 कुण्डीय महायज्ञ की जानकारी

# सांसद ने सहस्त्र चंडी महायज्ञ में सामाजिकजनों को किया आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

रामेश्वरम धाम सिहोरामाल में 19 से 26 मार्च तक आयोजित हो रहे 1008 कुण्डीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ की तैयारियां जिले भर में जोर-शोर से प्रारंभ कर दी गई है। छिन्दवाड़ा के इतिहास में पहली बार होने जा रहे इस 1008 कुण्डीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ को लेकर रविवार को विभिन्न सामाजिक संगठनों की बैठकों का आयोजन किया गया। बैठकों में पहुंचे सांसद बंटी विवेक साहू ने सभी सामाजिक संगठनों का उन्हें हर दम सहयोग देने के लिए आभार व्यक्त करते हुए चैत्र नवरात्र के अवसर पर आयोजित हो रहे इस महायज्ञ में सादर आमंत्रित करते हुए सभी को आमंत्रण पत्र और यजमानों के लिए बनाए गए निःशुल्क पंजीयन फॉर्मो का वितरण किया।

उल्लेखनीय है कि रामेश्वरम धाम सिहोरामाल में इस 1008 कुण्डीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ



की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। विशाल यज्ञशाला के साथ ही अन्य आयोजन स्थलों का भी निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। उक्त महायज्ञ की तैयारियों को लेकर विभिन्न समितियों की बैठक ली जा रही है। सांसद श्री साहू ने विभिन्न स्थानों आयोजित हुई बैठकों में शामिल होकर सामाजिक संगठनों के बंधुओं को इस 1008 कुण्डीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ मे सादर आमंत्रित किया है। रविवार को छिन्दवाड़ा शहर में विभिन्न स्थानों पर ताम्रकार समाज, कलचुरी कलार समाज, महेश्वरी समाज, सोनी समाज, कुर्मी समाज एवं कुशवाह समाज की बैठकों का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु शामिल हुए। बैठकों में प्रमुख रूप से वरिष्ठ समाजसेवी प्रभुनारायण नेमा, जगेन्द्र अल्डक, विशवेन्द्र बैस, पप्पू साहू सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### ताम्रकार समाज के बीच पहुंचे सांसद

एम पटेल मार्ट के सामने स्थित ऋषि ज्वेलर्स में आयोजित बैठक में क्षत्रिय ताम्रकार समाज ने सांसद बंटी विवेक साहू का स्वागत किया। इस अवसर पर समाज के नव नियुक्त अध्यक्ष मोहन ताम्रकार, महेंद्र वर्मा, लेखराम ताम्रकार, दिनेश ताम्रकार, सुरेश वर्मा, आनंद ताम्रकार, सुनील ताम्रकार ताम्रकार, सोहन ताम्रकार, विनय ताम्रकार, सचिन ताम्रकार, प्रशांत ताम्रकार, दिनेश कसेरा, सोहन ताम्रकार, जितेन्द्र वर्मा, संजय वर्मा, आशु वर्मा, ऋषभ ताम्रकार, धनराज ताम्रकार, कमल ताम्रकार, अतुल ताम्रकार, अविनाश ताम्रकार, महिला मंडल अध्यक्ष सुजाता प्रशांत ताम्रकार, वंदना अनिल पैगवार, निशा राजेंद्र ताम्रकार, माला ताम्रकार, रेखा विनय ताम्रकार, सुनयना पंकज ताम्रकार, रजनी महेंद्र वर्मा, आरती दिनेश ताम्रकार, राखी ताम्रकार, नीलम ताम्रकार, वर्षा सौरभ ताम्रकार, स्वाति अविनाश ताम्रकार, मोना विनय ताम्रकार, लक्ष्मी मोहन ताम्रकार उपस्थित रहीं।

### कलचुरी कलार समाज के बीच पहुंचे सांसद

छोटा तालाब के पास स्थित बी.डी. राय होटल में सांसद बंटी विवेक साहू की प्रमुख उपस्थिति में कलचुरी कलार समाज की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अध्यक्ष अरविंद राय, राजेश राय, नंदन सूर्यवंशी, राधेश्याम सूर्यवंशी, पंकज बोरले, प्रवीण सूर्यवंशी, जयशिव सूर्यवंशी, दर्शन राय, श्याम सूर्यवंशी, सचिन राय, अमित राय, सुभाष सूर्यवंशी, गौरी राय, श्रीमती आशा राय, आशीष कटकवार, केसरी सूर्यवंशी, अनुज चौकसे, नरेन्द्र माहोरे नारंगी, नरेन्द्र माहोरे, कमलेश सूर्यवंशी, अमित माहोरे, दिनेश सूर्यवंशी, रामभरोस राय, राजू माहोरे, अखिल सूर्यवंशी, अंकित सूर्यवंशी, सचिन सूर्यवंशी, शैलेन्द्र सूर्यवंशी, मोहित सूर्यवंशी, बबलू माहोरे सहित अन्य सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

### माहेश्वरी समाज के बीच पहुंचे सांसद

सांसद बंटी विवेक साहू की प्रमुख उपस्थिति में माहेश्वरी समाज के भवन माहेश्वरी समाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक में माहेश्वरी समाज छिंदवाड़ा के अध्यक्ष डॉ.महेश कुमार चांडक माहेश्वरी, महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती ऊषा राठी माहेश्वरी, जिला नवयुवक मंडल अध्यक्ष अभिषेक चांडक सहित डॉ. राहुल कोठारी, रोहित राठी,प्रफुल्ल राठी, संजय चांडक, गिरीश राठी, निलेश राठी, राहुल काबरा, विजय चांडक,संदीप चांडक, प्रदीप राठी, कपिल राठी, संजय सुधा (पप्पी), विशाल माहेश्वरी, मनमोहन चांडक, घनश्याम दास टावरी, कलश काबरा, शारद टावरी, बाबूलाल माहेश्वरी एवं अन्य समाज संगठन के सदस्य महिला मंडल नवयुवक मंडल के तथा वरिष्ठ समाज के सदस्य उपस्थित थे।

### स्वर्णकार समाज के बीच पहुंचे सांसद

मानस भवन छोटी बाजार में सांसद बंटी विवेक साहू की प्रमुख उपस्थिति में स्वर्णकार समाज की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में स्वर्णकार समाज के वरिष्ठगण प्रमुख रूप से उपस्थित थे। जिसमें प्रकाश चंद सोनी, राम कुमार सोनी, कृष्ण गोपाल सोनी, संतोष सोनी, सतीश सोनी, मनोज सोनी, दीपक सोनी, दिनेश सोनी, अरुण सोनी, गोपाल सोनी, किशोर सोनी, पप्पू सोनी, राजकिशोर सोनी, अनिल अन्नू सोनी, श्रीमती किरण सोनी, श्रीमती सुधा सोनी एवं अन्य सामाजिक बंधु वर उपस्थित थे।

## दमुआ पुलिस थाना परिसर में शांति समिति की बैठक सम्पन्न

# महादेव मेले में यात्रियों के लिए व्यवस्था बनाने पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ



दमुआ पुलिस थाना परिसर में शाति समिति की बैठक में महादेव मेले मे यात्रियो के लिए व्यवस्था बनाने पर चर्चा महाषिवरात्रि के पावन अवसर पर महादेव मेला बाहर से आने वाले भक्त जनो की सुविधाओं को ध्यान मे रखते हुए बैठक आहुत की गई।

मुख्य रूप से तहसीलदार एव नायब तहसीलदार थाना प्रभारी दमुआ सब्जी मण्डी के उपाध्यक्ष मुख्य न.पा. अधिकारी , अध्यक्ष , भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष सहित गणमान्य नागरिक जन प्रतिनिधि , धार्मिक संगठन से जुडे पदाधिकारी , पत्रकारण बन्धु, बिजली विभाग के अधिकारी कनिष्ठ यंत्री आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे जहां बैठक मे सभी ने व्यवस्था को लेकर अपने विचार व्यक्त किये तथा बाहर से आने वाले भक्त यात्रियो के लिए उचित पर्याप्त व्यवस्था बनाने के सुझाव दिये तथा साफ सफाई की समय समय पर व्यवस्था, स्टेट लाईट, पानी की पर्याप्त सुविधा दुकानो को सडक मार्ग से दूर लगाने की व्यवस्था याता यात तथा पार्किक की सुगम व्यवस्था तथा भीडभाड वाले मार्ग पर बेरिकेट की व्यवस्था की जाने की बात कही गई तथा स्वास्थ्य सुविधा भी बनाये रखने का बात कही गई। उक्त अवसर पर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल की तैनाती की बात कही गई।

# पेंच नदी अटल घाट में की गई सफाई

**न्यूटन / परासिया** :- न्यूटन नगर मे पेंच नदी अटल घाट में रविवार को नगर भाजपा एवं सामाजिक लोगों के द्वारा मिलकर नगर परिषद कर्मचारी के साथ अटल घाट की सफाई की गई । नदी में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के बाद नदी का पानी कम होने पर प्रतिमाओं के अवशेष घाट पर पड़े हुए थे । जिसको लेकर घाट पर टहलने आने वाले घाट की सफाई के लिए जन प्रतिनिधियों , सामाजिक लोगों से कहते रहे । विसर्जित प्रतिमाओं के अवशेषों के विषय में अवगत कराया ।



जिसके बाद वार्ड 9 के पार्षद जयंत राय ने नगर परिषद कर्मचारी के साथ नगर के वरिष्टों और युवा साथियों के साथ मिलकर घाट की सफाई एवं प्रतिमाओं के अवशेषों को एक स्थान पर एकत्रित कर घाट की सफाई की । इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता श्रीचंद पटेल , पार्षद जयंत राय , पार्षद राहुल सारठी , भाजपा के युवा साथी लकी पटेल , आशीष यदुवंशी , मनीष चौहान , करन बरखे , आयुष साहू , हरि आठनकर , बाकू यदुवंशी , अज्जू भाई , टिंकू , रियाज खान , आरिफ खान सहित नगर के बहुत से युवाओं ने घाट की सफाई में सहयोग किया । नगर परिषद से सफाई विभाग का अमला एवं सफाई विभाग के प्रमुख शेख शब्बीर उनकी पूरी टीम ने भी सफाई में सहयोग किया ।

# सुंदरकांड ग्रुप ने किया संगीतमय सुंदरकांड का महापाठ



**छिंदवाड़ा।** श्री सुंदरकांड ग्रुप छिन्दवाड़ा द्वारा नीतू संजय तनेजा के प्रतिष्ठान- देव होटल के बाजू में,बग्गा हाइट में स्थित तनेजा बेकरी छिंदवाड़ा,तहसील व जिला छिन्दवाडा मध्यप्रदेश में संगीतमय सुंदरकांड का महापाठ भी गया,इसी तरह कई वर्षों से निरंतर ग्रुप के माध्यम से सनातन धर्म से जोड़ने का कार्य किया जा रहा हैं। इस अवसर पर ग्रुप के प्रमुख अधिवक्ता शुभम कसार,अक्षय ठाकुर,अंश पटेल,कैलाश उइके,पलक उईके,अनय कसार,प्रदीप भारती,कमलेश सूर्यवंशी,परमजीत सिह,संतोष वंशकार,रानू साहू,वंश झरवड़े,अंकित शर्मा,शिव सिकन्दरपूरे,सचिन साहू,रंजीत साहू,विक्की नोथानी,सागर स्वर्णकार,प्रणय सातनकर,शिवांश चौधरी,गोविंद चौधरी,पिल्ली पटेल,लक्ष्य कहार,दशरथ वर्मा,उमेश वंशकार,जित्तू यादव,सोनू जी,जय चंद्रवंशी,संग्राम नागवंशी,सुंनु वंशकार,प्रवीन तिवारी,प्रशांत तिवारी,प्रतीक चोवितकर,राहुल बातरे,दिलीप

# मध्यप्रदेश पर उत्तरप्रदेश की टीम रही हावी, 2.0 से जीती यंग हीरोज बनारस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

पंकज स्टेडियम चांदामेटा में रविवार को आल इंडिया ब्लैक डायमंड फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला गया । इस 90 मिनट के मुकाबले में पूरे समय बनारस उत्तर प्रदेश की टीम रायसेन मध्यप्रदेश पर हावी रही । यूपी की यंग हीरोज बनारस ने इस मैच को 2.0 से जीत लिया ।पंकज स्टेडियम चांदामेटा में बीते एक सप्ताह से जारी ब्लैक डायमंड फुटबॉल टूर्नामेंट में रोजाना रोमांचकारी मुकाबले दर्शकों को देखने को मिले , लेकिन रविवार को हुए फाइनल मुकाबले में रोमांच थोड़ा फीका रहा । फाइनल मैच यंग हीरोज बनारस (उत्तर प्रदेश ) और रायसेन बिल्डअप रायसेन (मध्य प्रदेश ) के बीच खेला गया । बनारस की टीम लाल जर्सी में और रायसेन की टीम स्काई जर्सी पहनकर मैदान में उतरी । पहले ऑफ में बनारस टीम के जर्सी नंबर 5 ने अपनी टीम के लिए पहला गोल दागा । दूसरा गोल जर्सी नंबर 17 ने किया और टीम को 2.0 की बढ़त दी । जिसके मुकाबले रायसेन की टीम एक भी गोल नहीं कर पाई । टीम ने तीन बार गोल मारने का अच्छा प्रयास किया , लेकिन वाराणसी के गोल कीपर ने उसे विफल कर दिया । बता दें की सेमी फाइनल में रायसेन की टीम ने लंबे प्लेऑफ के दौरान 12 वीं पेनल्टी मारकर झारखण्ड को हराया था और फाइनल में प्रवेश किया था ।



# विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों की रचनात्मक उड़ान



**जुन्नारदेव**: मदरसा इस्लाहुल मुस्लिमीन लिल बनात जुन्नारदेव में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों की प्रतिभा और रचनात्मक सोच ने सभी को प्रभावित किया। प्रदर्शनी में मदरसे के विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए विज्ञान के एक से बढ़कर एक आकर्षक मॉडल लोगों के आकर्षण का केंद्र रहे। प्रदर्शनी का अवलोकन करने अधिवक्ता सलीमउद्दीन, सेवानिवृत्त शिक्षक जी.एस. खान, जामा मस्जिद कोषाध्यक्ष अफरोज आलम, नूर खान, आर.बी. कुरैशी, पंडित रविशंकर स्कूल की शिक्षिका परवीन मेडम,असलम कुरैशी, कारी इमरान, हाफिज अरशद, मोहम्मद ताहिर, इनायतउल्लाह ,अन्नु भाई, मोहम्मद साकिर सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।इस अवसर पर मदरसा छात्राओं ने विज्ञान मॉडलों का प्रभावशाली प्रजेंटेशन प्रस्तुत करते हुए साइंस और कुरआन के आपसी संबंध को सुंदर ढंग से रेखांकित किया।जिसे अतिथियों ने सराहा। विज्ञान प्रदर्शनी के उपरांत विद्यार्थियों ने हिंदी, अंग्रेज़ी, उर्दू एवं अरबी भाषाओं में भाषण एवं तकरीर प्रस्तुत कर अपनी बहुभाषी प्रतिभा का परिचय दिया।कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने विद्यार्थियों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। स्वागत भाषण श्रीमती बुशरा मोहम्मदी मोहम्मद आदिल ने प्रस्तुत किया।जबकि आभार प्रदर्शन मदरसा शिक्षिका मोहतरमा आरिफ़ा अख्तर द्वारा किया गया।कार्यक्रम में प्रतिभागी विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस सफल आयोजन को मौलाना मोहम्मद आदिल एवं मोहम्मद सादिक, शिक्षिका सानिया, फहीमा फोजिया, आशिफा ,निमरा ने संपन्न कराया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, अभिभावक एवं गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही।

## विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों की रचनात्मक उड़ान, एक से बढ़कर एक विज्ञान मॉडल बने आकर्षण का केंद्र

**जुन्नारदेव** : मदरसा इस्लाहुल मुस्लिमीन लिल बनात जुन्नारदेव में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों की प्रतिभा और रचनात्मक सोच ने सभी को प्रभावित किया। प्रदर्शनी में मदरसे के विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए विज्ञान के एक से बढ़कर एक आकर्षक मॉडल लोगों के आकर्षण का केंद्र रहे। प्रदर्शनी का अवलोकन करने अधिवक्ता सलीमउद्दीन, सेवानिवृत्त शिक्षक जी.एस. खान, जामा मस्जिद कोषाध्यक्ष अफरोज आलम, नूर खान, आर.बी. कुरैशी, पंडित रविशंकर स्कूल की शिक्षिका परवीन मेडम,असलम कुरैशी, कारी इमरान, हाफिज अरशद, मोहम्मद ताहिर, इनायतउल्लाह ,अन्नु भाई, मोहम्मद साकिर सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।इस अवसर पर मदरसा छात्राओं ने विज्ञान मॉडलों का प्रभावशाली प्रजेंटेशन प्रस्तुत करते हुए साइंस और कुरआन के आपसी संबंध को सुंदर ढंग से रेखांकित किया।जिसे अतिथियों ने सराहा। विज्ञान प्रदर्शनी के उपरांत विद्यार्थियों ने हिंदी, अंग्रेज़ी, उर्दू एवं अरबी भाषाओं में भाषण एवं तकरीर प्रस्तुत कर अपनी बहुभाषी प्रतिभा का परिचय दिया।कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने विद्यार्थियों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। स्वागत भाषण श्रीमती बुशरा मोहम्मदी मोहम्मद आदिल ने प्रस्तुत किया।जबकि आभार प्रदर्शन मदरसा शिक्षिका मोहतरमा आरिफ़ा अख्तर द्वारा किया गया।कार्यक्रम में प्रतिभागी विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस सफल आयोजन को मौलाना मोहम्मद आदिल एवं मोहम्मद सादिक, शिक्षिका सानिया, फहीमा फोजिया, आशिफा ,निमरा ने संपन्न कराया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, अभिभावक एवं गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही।

# पी.एम.श्री शा.हाई. झाड़गांव वार्षिकोत्सव सम्पन्न



### वार्षिक खेल महोत्सव, पुरस्कार वितरण एवं कैरियर मेला कार्यक्रम का समापन

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** विकासखण्ड वारासिवनी जिला बालाघाट के अंतर्गत आने वाले पी.एम.श्री शास. हाईस्कूल झाड़गांव में 27 जनवरी को वार्षिक उत्सव एवं 28, 29 जनवरी को वार्षिक खेल महोत्सव का कार्यक्रम आयोजित कर सम्पन्न किया गया। वार्षिक उत्सव एवं खेल महोत्सव विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेल में भाग लेकर अपनी कला की शानदार प्रस्तुति दी जिसमें गीत, नृत्य, नाटक एवं लोककला की प्रस्तुति मंच पर दी। खेलों के अंतर्गत दौड, कबड्डी, खो-खो, ऊचीकूद, लंबीकुद, गोला फेक, तवा फेक, आदि खेलों में भाग लिया। कार्यक्रम समापन के अवसर पर प्रभारी प्राचार्य महोदय धर्मेन्द्र डोंगरे एवं सरपंच महोदया श्रीमती भाग्यश्री पवन चिखले एवं अन्य पंच महोदय के द्वारा विद्यार्थियों को शील्ड, मेडल, पेन, कापी, पानी बादल, टिफिन डिब्बा से पुरस्कृत किया गया। 27 जनवरी से 31 जनवरी तक कैरियर मेला का आयोजन किया गया जिसमें काउंस्लर डॉ. दुर्गेश टेंभरे एवं प्रणव बिसेन (स्कालर) एव प्रलय लिल्हारे (BSF) के द्वारा बच्चों को कैरियर मार्गदर्शन एवं गाइडेंस दिया गया। उक्त सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए नोडल शिक्षिका श्रीमती शीला उईके. राजेन्द्र कटरे, जितेन्द्र चौरागढ़े एवं सभी शिक्षकों का भरपूर सहयोग मिला, जिसके लिए संस्था के प्रभारी प्राचार्य धर्मेन्द्र डोंगरे ने आभार व्यक्त किया।

## तुमसर में 10 फरवरी को निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**खैरलांजी।** खैरलांजी तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम तुमसर में 10 फरवरी मंगलवार को आंगनवाड़ी भवन प्रांगण में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बेहतर नेत्र स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना है। नेत्र चिकित्सक डा.टी.एस. बिसेन नेत्र रोग विशेषज्ञों द्वारा आंखों की संपूर्ण जांच की जाएगी। आवश्यकता अनुसार मरीजों को निःशुल्क दवाई एवं चश्मे वितरित किए जाएंगे। साथ ही मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों का चयन कर उनको जबलपुर रवाना कर निःशुल्क ऑपरेशन भी कराया जाएगा।समाजसेवी जितेंद्र गौतम ने क्षेत्र के तुमसर टटेकसा गजपुर पांजरा कलगांव मंगलेगांव दुधारा सभी ग्रामवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस शिविर का लाभ उठाएं और अपनी आंखों की जांच अवश्य कराएं।यह शिविर ग्रामीणों के लिए एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सुविधा साबित होगा, जिससे उन्हें नजदीक में ही विशेषज्ञ चिकित्सा सेवा प्राप्त हो सकेगी।

# मॉयल में स्वच्छता अभियान को नया आयाम देने का प्रयास, जनसहयोग अपेक्षित – विवेक कुमार



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय के अंतर्गत आने वाला मिनी रत्न श्रेणी का सहकारी उपक्रम 'ए' शेड्यूल कंपनी मॉयल लिमिटेड राष्ट्रीय स्तर पर जनहित में संचालित सभी योजनाओं और अभियानों को अपने खदान क्षेत्रों में प्रभावी रूप से लागू करने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। इसी क्रम में केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर मुख्यालय सहित मॉयल की सभी खदानों और कॉलोनियों में व्यापक स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।

इस अभियान का उद्देश्य केवल एक दिन के लिए स्वच्छता तक सीमित न रहकर, आमजन में सतत स्वच्छता के प्रति जागरूकता पैदा करना है। अभियान के अंतर्गत श्रमदान कर मॉयल प्रबंधन एवं कर्मचारियों ने राष्ट्रीय स्वच्छता कार्यक्रमों में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की। इस दौरान लोगों को यह संदेश भी दिया गया कि स्वच्छता केवल विशेष अवसरों तक सीमित न रहे, बल्कि इसे दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाया जाए।

खान प्रबंधक विवेक कुमार ने बताया कि कंपनी के नये अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक के मार्गदर्शन में भरवेली खदान क्षेत्र की कॉलोनियों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इन कॉलोनियों में कामगारों, कर्मचारियों एवं अधिकारियों के आवास स्थित हैं, जहां शत-प्रतिशत स्वच्छता बनाए रखने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान को लेकर प्रबंधन को सकारात्मक प्रतिक्रिया भी मिल रही है।

विवेक कुमार ने कहा कि स्वच्छता केवल पर्यावरण तक सीमित नहीं है, बल्कि शरीर की स्वच्छता भी उतनी ही आवश्यक है, जिससे व्यक्ति निरोगी एवं स्वस्थ जीवन जी सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि स्वच्छता को स्थायी बनाए रखने के लिए कॉलोनियों में निवासरत कर्मचारियों एवं नागरिकों की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है।

# विश्व हिंदू सम्मेलन व शिवरात्रि महापर्व को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** पुलिस थाना किरनापुर के सभा कक्ष में शांति समिति की बैठक आहूत की गई जिसमें 9 फरवरी 2026 को विश्व हिंदू सम्मेलन बेसिक साल ग्राउंड में साध्वी सरस्वती जी का आगमन को लेकर व महाशिवरात्रि पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक ली गई। जिसमें क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों , प्रतिनिधि उपस्थित नरेंद्र कुमार अग्रवाल, कमलेश कन्नौजे, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष यूसुफ पटेल, जनपद सदस्य मुकेश सिंह चौहान जनपद सदस्य, डी डी मेश्राम , जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राधेश्याम सिंघनधूपे, सदाराम राहंगडाले सरपंच प्रतिनिधि, अजय कुर्राहे जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि,गीतेश्वर पांचे भजनलाल बिसेन सरपंच ओमप्रकाश ऐडे, भरत लाल बाहेश्वर सरपंच, अंकुश पचभैया, विनोद भीमटे, राजेंद्र पाराशर, कृष्ण कुमार बाबनथडे , सरपंच प्रतिनिधि अमृत राहंगडाले,एवं मीडिया से मदन मोहन पाराशर की उपस्थिति सराहनीय रही इस कार्यक्रम में तहसीलदार मैडम झरिया एवं थाना प्रभारी माधव शर्मा व अनुराग भदौरिया की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम संपन्न कराया गया। थाना प्रभारी माधव शर्मा ने सभी लोगों से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की है, साथ ही सामाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी को एक दूसरे का सम्मान करना चाहिए और एक दूसरे की खुशियों में शामिल होना चाहिए।

# नशा एक सामाजिक अभिशाप है, जो पारिवारिक जीवन, आर्थिक विकास व चरित्र का ह्रास करता हैं- किशोर अमूले

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।




मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वावधान में नवांकुर संस्था ग्रामीण आंचलिक कृषक समाज समिति द्वारा नशा मुक्त, स्वदेशी एवं आत्मनिर्भर भारत विषय पर वारासिवनी विधानसभा के ग्राम पंचायत भांडी में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं वारासिवनी जनपद पंचायत भूतपूर्व अध्यक्ष किशोर अमूले ने कहा कि नशा एक सामाजिक अभिशाप हैं, जो पारिवारिक जीवन, आर्थिक विकास एवं राष्ट्रीय चरित्र का ह्रास करता हैं। आज नशा समाज में तीव्र गति से फैलता जा रहा है, बड़ों की देखा सीखी अब स्कूल में पढने वाले बच्चे भी तंबाखू, गुटका का सेवन कर रहे है। इस नशामुक्ति अभियान में समाज के साथ-साथ हम सभी पालकों व शिक्षकों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। शराब ही अकेला नशा नहीं है, शराब से सारा परिवार बिखर जाता है। तंबाखू गुटका से मुंह का कैंसर तक हो जाता है। महात्मा गांधी जी के सपने को पूरा करना हैं, तो भारत को नशामुक्त, स्वच्छ, स्वदेशी, आत्मनिर्भर भारत एवं विकसित भारत बनाना होगा, जो हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विकसित भारत 2047 का विजन है। यह रहे उपस्थित इस अवसर पर जनपद सदस्य फूलचंद पटले, सरपंच ललिता उइके, प्रधानपाठक नरेंद्र भरने, सचिव भगतराज वल्के, रोजगार सहायक गायत्री पटले, नवांकुर संस्था प्रमुख राजकुमार लिल्हारे, आरती बिसेन, दीप नशा केंद्र के प्रमुख अंकित ऐड़े, उपसरपंच पेंडारीलाल सेरीवार, पुष्पलता भगत, अनुशया राठौर, सुनीता राउत, अमन पारधी, लालचंद उइके, सरिता पारधी, माया पटले, हरिनखेरे, रियायत गुरुजी, छात्र-छात्राएँ व ग्राम के नागरिकगण उपस्थित थे।

## क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति किसी भी समस्या से जूझ रहा हो, तो मेरे घर के दरवाजे उनके लिए खुले है- विवेक पटेल

# विधायक के हस्ते ग्राम की बुजुर्ग माताओं और दिव्यांगजनों को किया गया कम्बल वितरण

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



इन दिनों कड़ाके की ठंड और शीत लहर का प्रकोप जारी है। ऐसे में समाज से वंचित और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए जीवन यापन करना एक कड़ी चुनौती बन गई है। इन विषय परिस्थितियों को देखते हुए ग्राम पंचायत नदीटोला बुदबुदा में आशादीप जनकल्याण समिति द्वारा विधायक विवेक विक्की पटेल के हस्ते ग्राम की बुजुर्ग माताओं और दिव्यांगजनों को कंबल वितरण किया गया।

कड़ाके की धूप के अभाव और बढ़ती कनकनी के बीच विधायक विवेक पटेल खुद कंबल लेकर ग्रामीणों के बीच पहुंचे, तो उनके चेहरे पर राहत और मुस्कान साफ देखी गई। विधायक विवेक विक्की पटेल ने कंबल वितरण कर समाज में संवेदनशीलता का एक नया संदेश भी दिया है। वहीं विधायक विवेक पटेल ने परिजनों से उनका स्वास्थ्य संबंधी हालचाल भी जाना। इस दौरान सुरेश कुर्वे, लालचंद कुर्वे, सुरेन्द्र ढाते, जैसलाल कोसरे, भोजलाल कटरे, रूपलाल पटले, रमेश मानेश्वर, शास्त्री बाहेश्वर, परमानंद मेश्राम, ललिता जमरे, इमला बानेवार, अनुपा आचरे, भागनबाई हरदे, रामवता जमरे, बैगनबाई कोसरे, देवेश्वरी वरकड़े, ज्योति ढाते, पुस्तकबाई बाहेश्वर सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

नवयुवक पीढ़ी आजकल सबसे ज्यादा नशे का सेवन कर रही है। प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा बड़े-बड़े होर्डिंग बैनर लगाकर प्रचार- प्रसार करके और नशे को और बढ़ावा दिया जा रहा है। गांव की गली-गली में शराब बिक रही है। शराब बंद कराने को लेकर ग्राम नदी टोला बुदबुदा की महिलाएँ व ग्रामीणजन प्रयासरत थे। मगर प्रशासन का सहयोग नहीं मिलने के कारण और शराब दुकान बढ़ते जा रही थी। जिसके बाद विधायक विवेक पटेल और ग्राम की जागरूक महिलाओं के चलते ग्राम नदीटोला बुदबुदा शराब मुक्त हो गया। जिसके चलते ग्राम की महिलाओं का विधायक विवेक विक्की पटेल द्वारा शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। विधायक विवेक पटेल ने कहा कि गरीब और बुजुर्ग माताओं की मदद करना हमारा सामाजिक और नैतिक दायित्व है। दिव्यांगजनों और बुजुर्ग माताओं की सेवा करना मतलब भगवान की सेवा करना है। कोई भी व्यक्ति ठंड में परेशान ना हो, यही हमारा प्रयास है। जनसेवा ही मेरी राजनीति का मूल उद्देश्य है। ग्रामीण क्षेत्रों में ठंड से बचने के पर्याप्त संसाधन नहीं रहते है। कड़ाके की ठंड में कोई भी गरीब व्यक्ति बिना गर्म कपड़ों या कंबलों के ना रहे, यह सुनिश्चित करना हम सभी की जिम्मेदारी है। एक जनप्रतिनिधि जब जनता के बीच होता है, तो वह ना केवल एक नेता बल्कि एक सेवक की भूमिका निभाता है। गरीब, असहाय और वंचित वर्ग की सेवा ही एक जनप्रतिनिधि का सर्वोच्च कर्तव्य है। सरकार सिर्फ कागजों में गरीबों के सेवा करना जानती है। मै जब नगरपालिका अध्यक्ष था, तब भी मेरे द्वारा ठंड के दिनों में बेसहारा लोगों की मदद की जाती थी और विधायक बनने के बाद भी गरीबों की मदद करता रहता हूॅ। क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति किसी भी समस्या से जूझ रहा हो, तो उनके लिए मेरे घर के दरवाजे हमेशा खुले है। जिस प्रकार की मदद उन्हें चाहिए, मैं उन्हें पूरा करने का प्रयास करूंगा।

## खबर संक्षेप

### चार दिवसी हनुमान शंकर प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम शुरू



**नारायणगंज।** बस स्टैंड नारायणगंज परिसर में पीपल वृक्ष के नीचे हनुमान मंदिर मैं शंकर एवं हनुमान जी की मूर्ति की स्थापना की जा रही है जो की 8 फरवरी से 11 फरवरी तक प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम किया जा रहा है जिसमें आसपास के श्रद्धालु जन मंदिर देखने के लिए आ रहे हैं 9 फरवरी को भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया है जिसमें आसपास क्षेत्र के लोग इस कलश यात्रा में शामिल होंगे 11 फरवरी को भव्य विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है जिसमें सभी को पहुंचने के लिए अपील की गई है।

### हेलमेट, साइबर अपराध व नशा मुक्ति पर जानकारी देने चौपाल आयोजित

मण्डला। पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न थाना एवं चौकी क्षेत्रों में माइक्रो बीट पुलिस चौपाल आयोजित कर ग्रामीण नागरिकों को हेलमेट की अनिवार्यता, यातायात नियमों के पालन, नशा मुक्ति, साइबर अपराध से बचाव तथा महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों की रोकथाम के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## फोंक सिझौरा में जुए का भंडाफोड़, 7 आरोपी पकड़े, 4 आरोपी फरार तलाश जारी

# जुआं फड़ पर छापा, 19 लाख से अधिक की जप्ती

*** 8 मोबाईल और 4 कार जप्त।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

पुलिस अधीक्षक मंडला रजत सकलेचा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंडला शिव कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में, अवैध जुए के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 08/02/2026 की मध्य रात्रि में मंडला पुलिस की गठित विशेष टीम द्वारा एक बड़ी कार्यवाही की गई।

पुलिस को विश्वसनीय सूत्र से सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम फोंक सिझौरा में कुछ लोग अवैध रूप से पैसा लगाकर खेल रहे हैं। सूचना की तस्दीक उपरांत उप पुलिस अधीक्षक सतीष चतुर्वेदी (महिला सुरक्षा मंडला), (प्रभारी एसडीओपी बिछिया) के नेतृत्व में 04 अलग-अलग पुलिस पार्टियां गठित की गईं।







योजनाबद्ध तरीके से की गई रेड कार्यवाही के दौरान फोंक सिझौरा स्थित उमेश राय उर्फ मुनिया के घर से जुआ खेलते हुए 07 आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ागया जिनमें वैभव मिश्रा(निवासी बिछिया), संजय चौकसे(निवासी बरगी), आनंद बंदेवार(निवासी बम्हनी), राजेश खमपरिया(निवासी बरगी), फरीद अली(निवासी परवाडा), सचिन उद्दे(निवासी बम्हनी बंजर), राजकुमार उर्फ राजा(निवासी अंजनिया) शामिल हैं। जांच एवं आरोपियों के कहे गये कथन के आधार पर यह भी सामने आया कि अतुल कटारे (निवासी बिछिया), महेश बंजारा (निवासी बम्हनी) जुआ खिलाने व नाल काटने वाले अलाल कसार (निवासी बिछिया) एवं उमेश राय उर्फ मुनिया (निवासी फोंक सिझौरा) अंधेरे का फायदा उठाकर घटना स्थल से फरार हो गए। जिनकी तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है।

### 4 कारों को किया जप्त

जुआं फड़ पर की गई छापामार कार्यवाही में नगद राशि के रूप में 3,21,200/- रूपये साथ ही 08 मोबाइल फोन एवं 04 चार पहिया वाहन भी जप्त किये गये इन वाहनो में MP20 ZX 7828, MP20 MC 1642, MP20 CL 5533, ये वाहन शामिल हैं। कुल जो सामग्री जप्त की गई है जिसमें नगद राशि, वाहन व मोबाइल शामिल हैं उनका अनुमानित मूल्य सहित कुल राशि लगभग 19,01,200/- है।

उक्त प्रकरण में गिरफ्तार सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 13 जुआ एक्ट एवं धारा 49 बीएनएस के अंतर्गत विधिसम्मत कार्यवाही की गई है। छापामार टीम में जिन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई उनमें सतीष चतुर्वेदी, डीएसपी (महिला अपराध शाखा) मंडला, निरीक्षक रंजीत सिंह सैयाम (थाना प्रभारी बिछिया), निरीक्षक ममता परस्ते, निरीक्षक गिरीष करवेती, निरीक्षक जयसिंह यादव, सउनि. बालमुकुन्द चौरसिया, सउनि. सुरेश विजयवार, सउनि. भूमेश्वर, सउनि. जगदीश सैयाम, प्र.आर. महेन्द्र कुशराम, प्र.आर. भभूत, आर. अमृत मरावी, आर. वैभव, आर.मनीष, आर.संदीप, आर. दिनेश वरकडे, आर.हेमेन्द्र, आर.सुरेश पंचेश्वर, आर.चन्द्रभान, आर.काशी, आर. संजय, आर. सुधीर, आर. राजेश, आर. सुन्दर, आर. रमेश एवं आर. शिवा नाविक प्रमुख रहे।

# मंडला मिलेट फूड फेस्टिवल का आयोजन 13 एवं 14 फरवरी को





*** 50 से अधिक स्टॉल पर उपलब्ध रहेंगे मिलेट्स के स्वादिष्ट व्यंजन।**

मोटे अनाज (श्री अन्न) के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन मंडला एवं किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा आगामी 13 एवं 14 फरवरी को दो दिवसीय मिलेट फूड फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन पुलिस ग्राउंड में प्रतिदिन शाम 4 बजे से प्रारंभ होगा। जानकारी के अनुसार फूड फेस्टिवल में मिलेट्स (कोदो, कुटकी, रागी आदि) से बने स्वादिष्ट और पौष्टिक व्यंजनों के 50 से अधिक स्टॉल लगाए जाएंगे। इन स्टॉल्स का संचालन मुख्य रूप से स्थानीय नागरिकों एवं स्व-सहायता समूहों द्वारा किया जाएगा, जहाँ उनके द्वारा निर्मित शुद्ध और पारंपरिक उत्पाद विक्रय के लिए उपलब्ध रहेंगे। व्यंजन प्रेमियों के लिए मिलेट शेफ कुकिंग प्रतियोगिता का विशेष आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। नागरिकों के मनोरंजन के विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं संगीत का कार्यक्रम भी रखा गया है। जिला प्रशासन ने मंडला के समस्त नगरवासियों से इस फूड फेस्टिवल में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने की अपील की है।

## नर्मदा नदी के कछार क्षेत्र से लगभग एक लाख रूपए का अवैध शराब जप्त

**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशन में एवं जिला आबकारी अधिकारी रामजी पांडेय के मार्गदर्शन में मंडला शहर के समीप स्थित ग्राम खड़देवरी के किनारे नर्मदा नदी के कछार क्षेत्र में दबिश की कार्रवाई की गई। जिसमें मदिरा का निर्माण अवैध रुप से करने वाले अड्डों पर लगभग 95 डब्बे महुआ लाहन के मिले। नदी के पास रेत में डिब्बे दबाकर रखे हुए पाए गए थे। प्रत्येक डिब्बा में लगभग 10 किलो महुआ लाहन भरा था, इस प्रकार कुल 950 किलो महुआ लाहन बरामद किया गया।

## फाइटर स्पोर्ट्स क्लब ने किया सेमीफाइनल और बी.एस.सी. गोरखपुर ने किया क्वार्टर फाइनल में प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



फाइटर स्पोर्ट्स क्लब के तत्वाधान में आयोजित फाइटर कप सीजन 2 का आज का मुकाबला फाइटर स्पोर्ट्स क्लब एवं सनराइज स्पोर्ट्स के बीच खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर सनराइज स्पोर्ट्स ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सनराइज स्पोर्ट्स ने निर्धारित 20 ओवरों में 6 विकेट खोकर 166 रन बनाए। सनराइज स्पोर्ट्स क्लब की ओर से बल्लेबाजी में शिवांक यादव ने 51 रन अरुण नीखर ने 37 रन अनवर अली ने 30 रन प्रहलाद ने नाबाद 23 रन और राजा विश्वकर्मा ने 10 रनों की पारी खेली। फाइटर स्पोर्ट्स क्लब की ओर से गेंदबाजी में राहुल देव और योगेंद्र ने 2-2 विकेट और सचिन मरकाम ने 1 सफलता अर्जित की। 167 रनो के लक्ष्य का पीछा करने उतरी फाइटर स्पोर्ट्स क्लब की शुरूआत काफी अच्छी रही योगेन्द्र की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी से 8 विकेटों से जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। फाइटर स्पोर्ट्स क्लब की ओर से बल्लेबाजी में योगेन्द्र ने नाबाद 107 रन साहिल बरमैया ने 29 रन युवराज यादव ने 18 रनो का योगदान दिया। इस प्रकार फाइटर स्पोर्ट्स क्लब ने इस मुकाबले को 8 विकेटों से जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इस मुकाबले के मैन ऑफ द मैच फाइटर स्पोर्ट्स क्लब के योगेंद्र रहे। इस मुकाबले में निर्णायक सत्यम बर्मन और ऋषि रघुवंशी रहे। शनिवार के दिन दूसरा मुकाबला मल्टी स्टार मवई और बी.एस.सी. गोरखपुर के बीच खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर मल्टी स्टार मवई ने पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया और पहले गोरखपुर को बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए गोरखपुर ने निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 155 रन बनाए। जिसमें गोरखपुर की ओर से बल्लेबाजी में दिनेश साहू ने 38 रन ललित मरावी ने 33 रन अभिषेक श्रीवास्तव ने नाबाद 19 रन सतीश यादव ने 13 रन और अप्पू राव ने 12 रनों का योगदान दिया। मल्टी स्टार मवई की ओर से गेंदबाजी में आयुष पटेल ने 3 विकेट संजय ने 2 विकेट शंकर अशोक और अनुराग ने 1-1 सफलता अर्जित की। 156 रनो का पीछा करते हुए मल्टी स्टार मवई ने निर्धारित 20 ओवरों में धीमी बल्लेबाजी के कारण 7 विकेट खोकर 135 रन ही बना सकी और मल्टी स्टार मवई को इस मैच को 20 रनों से गंवाना पड़ा। मल्टी स्टार मवई की ओर से बल्लेबाजी में पवन उइके ने 31 रन सचिन ने 27 रन मानस चौरसिया ने 24 रन एल.आर. कोकड़िया और अनुराग पटेल ने 11-11 रनों का योगदान अपनी टीम को दिया। गोरखपुर की ओर से गेंदबाजी में जागेश्वर मिश्रा ने 5 विकेट ललित मरावी एवं अभिषेक मरावी ने 1-1 सफलता अर्जित की। इस प्रकार इस मुकाबले को गोरखपुर ने 20 रनों से जीतकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इस मुकाबले के मैन ऑफ द मैच जोगेश्वर मिश्रा रहे। इस मुकाबले में निर्णायक की भूमिका सत्यम बर्मन और ऋषि रघुवंशी ने निभाई। रविवार को टूर्नामेंट का तीसरा क्वार्टर फाइनल मुकाबला फाइन स्पोर्ट्स क्लब मंडला एवं कुंभ स्टार मंडला के बीच दोपहर 12:30 बजे से खेला जाएगा।

## खंड नारायणगंज माँ रेवा सम्मेलन का भव्य आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

विकासखंड अंतर्गत मंडल शाहा के ग्राम बानोची एवं मंडल चौकी के ग्राम सलैया में माँ रेवा सम्मेलन का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता पूजन एवं नौ कन्या पूजन के साथ किया गया। पूजन उपरांत साधु महाराज खेतू लाल जी, विभाग से पधारे मुख्य वक्ता शरद पांडे जी, ग्राम के समाजसेवी भुवन जी, नकुल जी एवं रमेश जी का आत्मीय स्वागत किया गया। इसके बाद कार्यक्रम विधिवत प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम में स्थानीय प्रतिभागियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिसने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। इसके पश्चात ग्राम सलैया में मुख्य वक्ता शरद पांडे जी व ग्राम बनोची में सूरज गौठरिया जी,ने अपने प्रेरणादायक वक्तव्य में माँ नर्मदा, भारतीय संस्कृति एवं सामाजिक एकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का समापन भारत माता की आरती एवं सामूहिक सामाजिक भोजन के साथ किया गया। इस अवसर पर अमित यादव जी, लक्ष्मण सिंगरौरे जी, ध्यान सिंह कुलस्ते जी, जय सिंह उइके जी, जागेश्वर जी, बद्री प्रसाद जी, निशांत अग्रवाल जी सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह एवं सकारात्मक वातावरण देखने को मिला।

## सड़क सुरक्षाः हेलमेट विक्रेताओं और पेट्रोल पम्प संचालकों को समझाइश

**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देश अनुसार जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन और पुलिस द्वारा कड़े कदम उठाए जा रहे हैं। जिला प्रशासन के आदेश के बाद जिले के सभी पेट्रोल पंपों पर ऑर्डर की प्रति चस्पा कर दी गई है। इसके साथ ही पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया जा रहा है। बिना हेलमेट पहने हुए दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल नहीं देने की चेतावनी दी जा रही है।

**गौ कथा** | **गौ तस्करी पर लगाम लगाने ली गई शपथ।**

# मंडला में पहली बार गौ कथा का भव्य आयोजन

*** महिष्मती घाट में हुआ नौ-दिवसीय आयोजन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मध्यप्रदेश के जिला मुख्यालय मंडला में माहिष्मती गौ सेवा रक्तदान संगठन के द्वारा- मंडला में पहली बार गौ कथा आयोजन किया गया है- और गौ कथा का वाचन आचार्य पं. संतोष शास्त्री जी के मुखारविंद से किया गया - यह गौ कथा का आयोजन दिनांक-30 जनवरी से मंडला के सुप्रसिद्ध नर्मदा तट महिष्मती घाट पर आयोजित हुआ है- और ये आयोजन हिंदू धर्म में गाय को 'गौ- माता' के रूप में स्थापित करने और उसके प्रति आध्यात्मिक व धार्मिक जागृति लाने के उद्देश्य से किया गया ।





बता दें की- कथा शुभारंभ होने के पूर्व- माहिष्मती गौ सेवा रक्तदान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष गौ पुत्र दिलीप चन्द्रौल ने बताया की- आचार्य पं संतोष शास्त्री जी के द्वारा गौ माता की महिमा के बारे में गौ कथा के माध्यम से विस्तार से जानकारी दी गई- श्री चंद्रोल ने- जिला मुख्यालय मंडला सहित जिला भर के- सभी गौ प्रेमियों और धर्म प्रेमियों से अपील किया है कि- आप सभी गौ माता के प्रति अच्छी श्रद्धा रखें गाय माता को बड़े भाव से प्रसादी जीवनी एवं उनका मान सम्मान आधार हमेशा करती रहे गाय माता है तो देश सुरक्षित है गौ माता हमारी संस्कृति का आधार है गौ कथा- गौ माता की महत्व- संरक्षण और गौ सेवा के प्रति लोगों को जागरूक करे- इसके साथ ही- यह कथा गौ माता की महिमा- पंचगव्य के औषधीय लाभ और गोवंश की सुरक्षा के प्रति समर्पण का संदेश दिया गया- गौ पुत्र दिलीप चन्द्रौल ने बताया की दोस्तो गौ कथा आयोजन की मुख्य उद्देश्य गायों के प्रति सम्मान बढ़ाना- गौ- सेवा का संकल्प लेना- और गौहत्या के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाना है- इसके साथ ही इस गौ कथा में- गौ माता को घर-घर में स्थापित कर उनकी सेवा करने और गायों को केवल पशु नहीं- बल्कि 'मां' के रूप में पूजने की शिक्षा दी गई है- आप सभी जानते हैं कि- गौ माता हमारे लिए पूज्यनीय है- हम गौ माता की पूजन करते है- किंतु वर्तमान समय में गौ माता के साथ बहुत अत्याचार हो रहा है- प्रदेश भर से आए दिन गौ हत्या व गौ तस्करी की खबर निकलकर आती हैं- हमें उम्मीद ही नहीं पूर्ण विश्वास है की- मंडला में आयोजित यह गौ कथा को सुनकर सभी के मन में सकारात्मकता और गौ- सेवा की भावना जागृत होगी- और समाज को गौ- संस्कृति से जोड़ेगी- गौ कथा के माध्यम से ही देसी गोवंश के प्रति जागरूकता का प्रयास किया गया है कथा के अन्तिम दिन पूर्ण आहूति कन्याभोज महा प्रसादी भंडारा वितरण के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

## शीतला मंदिर परिसर में इनर व्हील क्लब की सराहनीय पहल

*** श्रद्धालुओं के लिए सीमेंट चेयर दान।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



शहर के प्रसिद्ध शीतला मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इनर व्हील क्लब मंडला की महिलाओं द्वारा एक सराहनीय पहल की गई। क्लब सदस्यों ने मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के बैठने हेतु सीमेंट से बनी मजबूत कुर्सियाँ (चेयर) दान कीं, जिससे विशेष रूप से बुजुर्गों, महिलाओं और दूर-दराज से आने वाले भक्तों को काफी राहत मिलेगी। क्लब ने बताया कि भविष्य में भी मंदिर परिसर में बैठक व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जाएंगे।

कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया के कर कमलों द्वारा चेयर का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने देवी मां का पूजन-अर्चन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। क्लब सदस्यों ने पुष्पगुच्छ एवं नारियल भेंट कर उनका स्वागत किया। क्लब अध्यक्ष श्रद्धा तपा ने कहा कि इनर व्हील क्लब सदैव सेवा कार्यों में सक्रिय रहा है और मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं, विशेषकर बुजुर्गों को बैठने में होने वाली परेशानी को देखते हुए यह पहल की गई है। आगे भी मंदिर परिसर में आवश्यकतानुसार और सुविधाएं विकसित करने का प्रयास जारी रहेगा। कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया ने अपने वक्तव्य में कहा कि सामाजिक संगठनों की भागीदारी से ही जनहित के कार्य प्रभावी रूप से संभव हो पाते हैं। उन्होंने इनर व्हील क्लब के सेवा भाव की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्य समाज के लिए प्रेरणादायक हैं और भविष्य में भी इस प्रकार की पहल को हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।



इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष श्रद्धा तपा, सचिव सुनीता पमनानी सहित रूबी तपा, प्रिया पमनानी, किरण पमनानी, आरती बृजपुरिया, अनीता चंद्रोल, दीपा खंडेलवाल, मोना जैन, अंकिता केशवानी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का वातावरण श्रद्धा एवं सेवा भावना से ओतप्रोत रहा।

### ग्रामीणों ने थाने में की शिकायत
## बैटरी और मोटर पंप की चोरी से ग्रामीण परेशान



हरिभूमि न्यूज कटंगी।

कटंगी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले करीब आधा दर्जन गांवों के ग्रामीण, वाहन मालिक और किसान चोरी की घटनाओं से भयंकर परेशान है। बीते एक सप्ताह में थाना क्षेत्र के ग्राम पाथरवाड़ा , खैरलांजी और कामठी में अज्ञात चोरों ने जमकर उत्पात मचाया। चोरों ने ट्रैक्टरों से बैटरी, खेतों से मोटर पंप और धान की चोरी की वारदातों को अंजाम दिया। इन तमाम घटनाओं से परेशान ग्रामीणों ने शनिवार की सुबह करीब 11 बजे थाने पहुंचकर चोरी की शिकायत दर्ज करवाई है। दरअसल, वारासिवनी पुलिस ने ग्राम नांदगांव में दो चोरों को बैटरी बेचते हुए पकड़ा है। जैसे ही यह जानकारी कटंगी थाना क्षेत्र के पीड़ितों को मिली वह भी चोरी की शिकायत दर्ज करवाने के लिए शनिवार को थाने पहुंच गए। इस बीच यह भी जानकारी मिली है कि कटंगी पुलिस ने बैटरी चोरी के मामले में दो अज्ञात लोगों से पूछताछ कर रही है। संदेह है कि इन्हीं लोगों के द्वारा कटंगी थाना क्षेत्र में मोटर पंप और बैटरी की चोरी की वारदातों को अंजाम दिया गया है। हालांकि जिन लोगों से पूछताछ की जा रही है शाम 7 बजे तक उनके खिलाफ थाने में किसी भी तरह का अपराध पंजीबद्ध नहीं किया गया था।

पाथरवाड़ा निवासी पूर्व जनपद सदस्य सुरेश सोनी ने बताया कि बीते दिनों उनके चार ट्रैक्टरों से बैटरी की चोरी हुई है। कामठी निवासी महेश राहंगडाले ने भी बताया कि उनके ट्रैक्टर से भी बैटरी की चोरी हुई। खैरलांजी निवासी देवी प्रसाद पंचेश्वर के ट्रैक्टर की भी बैटरी चोरी हुई है। पता चला है कि पुलिस ने जिन दो लोगों से पूछताछ शुरू की है उनके पास से देवी प्रसाद पंचेश्वर की बैटरी बरामद की गई है। बैटरी चोरी की वारदातों के अलावा खैरलांजी निवासी जगदीश भगत के खेत से डामर पत्ता, तपेश तुरकर के खेत से मोटर पंप और पाथरवाड़ा निवासी मेनसिंह पारधी के खेत से मोटर पंप की चोरी हुई है। इन सभी लोगों ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाई है वही अज्ञात चोरों का शीघ्र पता लगाकर पुलिस से कार्रवाई करने की मांग की है।

## पुरानी पेंशन और ई-अटेंडेंस के विरोध में सड़क पर उतरे शिक्षक






हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

आजाद अध्यापक शिक्षक संघ म. प्र. के प्रांताध्यक्ष भरत पटेल के आव्हान पर अध्यापक शिक्षक नवीन संवर्ग की विभिन्न लंबित और न्यायोचित मांगों को लेकर आजाद अध्यापक शिक्षक संघ बालाघाट के द्वारा रविवार, 8 फरवरी 2026 को जिला स्तरीय रैली एवं ज्ञापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलाध्यक्ष आशीष बिसेन एवं जिला सचिव एमन्त ठाकरे ने बताया कि यह कार्यक्रम प्रांतीय नेतृत्व के आव्हान पर प्रदेश के पुरे 55 जिलों मे एक साथ आयोजित किया गया है।संघ द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार प्रमुख मांगो मे नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना करना, ई-अटेंडेंस प्रणाली को पूर्णतः बंद करना , पुरानी पेंशन बहाली, ग्रेच्युटी, केशलेस मेडिक्लेम की सुविधा प्रदान किये जाने, सहित 21 सूत्रीय मांगों को लेकर यह आंदोलन किया गया है। बालाघाट जिले के हज़ारो शिक्षक एवं शिक्षिकाओ द्वारा मोती तालाब स्थित गार्डन मे एकत्रित होकर सभा मे सम्मिलित होकर रैली निकालकर कलेक्टर कार्यालय पहुँचकर माननीय मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर महोदय बालाघाट को ज्ञापन सौंपा गया । उपरोक्त कार्यक्रम प्रांतीय पदाधिकारी अरविन्द पारधी, कमलनाथ पाराशर, कुलदीप कटरे, संभागीय पदाधिकारी कमल टेम्भरे, मनोज वाट जिला पदाधिकारियों मे आशीष बिसेन, एमन्त ठाकरे, आशीष श्रीवास्तव, डी पी गौतम, ओमप्रकाश पारधी, धनंजय सोनवाने, देवकुमार जनबंधु, बसंत चौधरी, संतोष कुथेकर, विजय बिसेन, दीपक वीरकर, प्रमोद घोड़ेश्वर, रामलाल शरणागत, लोकेश मेश्राम ब्लॉक अध्यक्ष अनिल टेकाम, संतोष जामरे, तिलकचन्द बनोठे, धन्नालाल बिसेन, टीकमचन्द डहरवाल, विष्णुप्रसाद भालाधरे, मनोहर बंसोड, राधेलाल सोनवाने, चंद्रभान क्षिरसागर सहित अन्य पदाधिकारियों के कुशल नेतृत्व मे सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम मे उपस्थित सभी शिक्षिका बहनो व शिक्षक साथियों का समस्त प्रान्त, जिला व ब्लॉक पदाधिकारियों ने आभार व्यक्त किया।

### मिलेट्स रोड शो को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना, हजारों किसानों की भागीदारी
## बालाघाट में पांच दिवसीय किसान कल्याण वर्ष 2026 कृषि मेले का भव्य शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

8 फरवरी 2026 से बालाघाट जिले में "किसान कल्याण वर्ष 2026" के अंतर्गत पांच दिवसीय कृषि मेला एवं प्रदर्शनी का भव्य आयोजन प्रारंभ हुआ। यह आयोजन कमला नेहरू सामुदायिक भवन, सर्किट हाउस रोड बालाघाट में किया जा रहा है। मेले के साथ-साथ जिले में मिलेट्स (मोटे अनाज) के प्रचार–प्रसार के उद्देश्य से "मिलेट्स रोड शो" का भी आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश के पूर्व मंत्री श्री गौरीशंकर बिसेन, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती ठाकुर एवं मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग की सदस्य श्रीमती मौसम बिसेन के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। अतिथियों द्वारा मिलेट्स रोड शो को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह रोड शो जिले के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा, जिसमें मिलेट्स फसलों, उनसे बनने वाले व्यंजनों तथा उनके पोषण संबंधी महत्व की जानकारी आमजन तक पहुंचाई गई।

मिलेट्स रोड शो में कृषक बंधुओं, कृषि विभाग के अधिकारियों–कर्मचारियों तथा कृषि आदान विक्रेता संघ की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम में जिले के सभी विकासखंडों से लगभग 1000 से 1200 किसानों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। रोड शो के माध्यम से कोदो, कुटकी, रागी जैसे पारंपरिक मोटे अनाजों के उत्पादन एवं उपयोगिता के प्रति जागरूकता फैलाई गई।

कृषि मेले में जिले के किसानों द्वारा उत्पादित कोदो, कुटकी, रागी के विभिन्न उत्पादों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई। प्राकृतिक खेती से संबंधित विभिन्न तकनीकों एवं तत्वों का भी प्रदर्शन किया गया। इसके अतिरिक्त जिले में स्थापित तेल उत्पादक उद्योगों की झलक भी मेले में देखने को मिली।

स्वाद स्व–सहायता समूह द्वारा मिलेट्स से बने विभिन्न प्रकार के व्यंजन तैयार कर आम जनता को उनका स्वाद चखाया गया, जिसे लोगों ने खूब सराहा। मेले का मुख्य आकर्षण जीवंत प्रदर्शनी, मिलेट्स से बने पौष्टिक व्यंजन तथा पारंपरिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम रहे।

कार्यक्रम में जिले के उपसंचालक कृषि श्री फूल सिंह मालवीय, कृषि महाविद्यालय वारासिवनी के अधिष्ठाता डॉ. घनश्याम देशमुख, कृषि विज्ञान केंद्र बड़गांव के प्रमुख डॉ. एस.आर. धुवारे, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उपसंचालक डॉ. आर.एस. नगपुरे तथा उद्यान विभाग के सहायक संचालक क्षितिज करहाड़े सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कृषि मेला एवं मिलेट्स रोड शो का उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से अवगत कराना, मोटे अनाजों के महत्व को बढ़ावा देना और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना है। यह आयोजन आने वाले दिनों में किसानों के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोलेगा और जिले में कृषि विकास को नई दिशा प्रदान करेगा।

### नक्सल मुठभेड़ में अदम्य साहस दिखाने वाले 60 जवानों को देंगे क्रम से पूर्व पदोन्नति
## आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का बालाघाट आगमन

### कई विकास कार्यों का करेंगे लोकार्पण एवं भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का 09 फरवरी को बालाघाट जिले में आगमन प्रस्तावित है। इस दौरान वे जिले में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में शामिल होंगे, जिसमें नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में अदम्य साहस का परिचय देने वाले हॉक फोर्स के 60 जवानों को क्रम से पूर्व पदोन्नति प्रदान की जाएगी। साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा जिले के 100 करोड़ 90 लाख रुपये के 27 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन भी किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि 14 जून 2025 को बालाघाट जिले के रूपझर थाना क्षेत्र अंतर्गत पचामादादर-कटेझिरिया पहाड़ी जंगल में नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में हॉक फोर्स के जवानों ने अद्वितीय साहस और वीरता का प्रदर्शन किया था। इस मुठभेड़ में प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के जीआरबी डिवीजन के मलाजखंड दलम के 04 एरिया कमेटी सदस्यों – रीता उर्फ तुब्बी, श्रीरांगु हिड़ामी उर्फ देवचंद, सुमन, ईमला उर्फ तुलसी एवं रवि मड़ावी उर्फ बदरे को मार गिराने में जवानों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा इस साहसिक अभियान में शामिल जवानों को सम्मानित करते हुए उन्हें क्रम से पूर्व पदोन्नति प्रदान की जाएगी। पदोन्नति पाने वाले जवानों में विपिन चंद्र खलको, इंदर सिंह विदूरी, शुभम प्रताप सिंह तोमर, रत्नेश मीणा, नवदेश श्रीवास्तव, मुनेन्द्र सिंह, रूद्रीचंद जखमोला, अनिल सिंह भदौरिया, मत्ते सिंह मरावी, उज्जवल घोरमारे, मनोज कुमार यादव, देवेन्द्रे धुर्वे, रवेन्द्र कुशवाह, हरेन्द्र सिंह, प्रदीप गोसाई, विनोद कुमार मर्सकोले, उमेश कुमार पटेल, विकाश कुमार राजपूत, मुकेश सगर, विवेक परस्ते, राघवेन्द्र सिंह गुर्जर, आशीष रजक, शिवहरी मरावी, प्रवीण धुर्वे, टीकाराम ढकाल, प्रवीण कुमार, असित यादव, रामआशीष यादव, संदीप शर्मा, लोकपाल धाकड़, कृष्णा श्रेष्ठ , जितेन्द्र सिंह पटेल, वीर सिंह, शकरचंद सरयाम, सुनील परियार, चन्द्रकांत पांडेय, सत्यम द्ववेदी, सुनील यादव, देवराज कलमें, सुरेन्द्र सिंह मार्को, सुशील उईके, रामलाल भील, उमेश चन्द्र दुबे, संतोष कुमार मरावी, प्रदीप कुमार परते, राजा मालवीय, विशाल कुमार सिंह, दीपक पवार, कन्हैया मरकाम, सुनील सिंह कुशवाह, मुलायम सिंह, वरूण देव सिंह चाहर, मुनीष कुमार द्विवेदी, नीलेश, महेन्द्र सिंह, रवि कुमार यादव, छठु यादव, सलेश कुमार द्विवेदी, संजू शर्मा एवं जिला पुलिस बल के नरेन्द्र सोनवे शामिल हैं।



मुख्यमंत्री डॉ यादव 09 फरवरी को पुलिस लाईन बालाघाट में आयोजित कार्यक्रम में 100 करोड़ 90 लाख रुपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण भी करेंगें। इसमें 31 करोड़ 07 लाख रुपये के 07 कार्यों का भूमिपूजन एवं 69 करोड़ 83 लाख रुपये के 20 कार्यों का लोकार्पण शामिल है।

इस कार्यक्रम को जिले के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासन द्वारा तैयारियां जोरों पर हैं। मुख्यमंत्री के दौरे से न केवल जवानों का मनोबल बढ़ेगा, बल्कि जिले में विकास कार्यों को भी नई गति मिलेगी।कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति भी प्रस्तावित है।

## उद्यमियों को मिली लगभग 6 करोड़ रुपये की ऋण स्वीकृति

### सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा बालाघाट में एमएसएमई क्रेडिट आउटरीच अभियान का आयोजन

**बालाघाट**। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के केंद्रीय कार्यालय मुंबई के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में, क्षेत्रीय कार्यालय छिंदवाड़ा के तत्वावधान में आज सेंट आरसेटी (आरएसईटीआई) बालाघाट में एमएसएमई क्रेडिट आउटरीच अभियान का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बैंक की राष्ट्रव्यापी "एमएसएमई महोत्सव एवं क्रेडिट आउटरीच पहल" का हिस्सा था, जिसका उद्देश्य सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमियों को वित्तीय सहायता प्रदान कर उनके व्यवसायिक विकास को गति देना है।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि एवं राइस मिल संघ के पदाधिकारी श्री अंकित अग्रवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय प्रमुख श्री कुमार उत्कर्ष ने की। इस अवसर पर अग्रणी जिला प्रबंधक (एलडीएम) श्री संजीव कुमार, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया बालाघाट शाखा के प्रबंधक श्री माधव झा, आरसेटी निदेशक श्री एस. भोंडेकर, श्री अंकित लिल्हारे सहित बैंक अधिकारी, व्यापारी एवं बड़ी संख्या में ग्राहक उपस्थित रहे। इस अभियान के तहत बैंक द्वारा उद्यमियों को कम ब्याज दरों पर विभिन्न प्रकार के ऋण उत्पादों की जानकारी दी गई। सेंट होटल, सेंट जीएसटी, सेंट संजीवनी, सेंट इंजीनियरिंग, सेंट सीए, सेंट बिजनेस लोन सहित अनेक योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया, जिससे स्थानीय उद्यमियों को अपने कारोबार को बढ़ाने के नए अवसर प्राप्त हो सकें।

क्षेत्रीय प्रमुख श्री कुमार उत्कर्ष ने अपने संबोधन में कहा कि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया उद्यमियों की हर वित्तीय आवश्यकता को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने ग्राहकों को बैंक परिवार का अभिन्न अंग बताते हुए कहा कि बैंक विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने के लिए सरकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य कर रहा है। एलडीएम श्री संजीव कुमार ने बालाघाट जिले की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्ष 2023 से जिला वित्त विभाग को सीएम हेल्पलाइन में लगातार 'ए' ग्रेड प्राप्त हो रहा है, जो बैंकिंग कार्यों की कुशलता और सकारात्मक कार्यशैली को दर्शाता है।

## ट्रेन की चपेट में आने से हुआ बड़ा हादसा, रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट**। बालाघाट-गोंदिया रेलवे ट्रैक के बंदरझिरिया में आज रविवार को एक युवक का शव रेलवे पटरी पर मिला है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, युवक की मौत गोंदिया-जबलपुर ट्रेन की चपेट में आने से हुई है। ग्रामीण पुलिस ने शव बरामद कर लिया है।मृतक की पहचान परसवाड़ा निवासी विवेक उर्फ गोल्डी बिसेन (27) के रूप में हुई है, जो प्लंबर और लाइट फिटिंग का काम करता था। पुलिस ने रविवार को जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया।पुलिस फिलहाल इस बात की जांच कर रही है कि युवक की मौत आत्महत्या है या दुर्घटना। मौत के कारणों का अभी तक स्पष्ट खुलासा नहीं हुआ है।मृतक के भाई रितेश बिसेन ने बताया कि विवेक कुछ समय से काम छोड़कर घर पर ही था। उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है कि विवेक रेलवे ट्रैक पर कैसे पहुंचा। उन्हें फोन पर भाई की मौत की सूचना मिली थी, जिसके बाद शव को पुलिस जिला अस्पताल लाई।ग्रामीण थाना प्रभारी अमित अग्रवाल ने बताया कि उन्हें थाना क्षेत्र के बंदरझिरिया में रेलवे ट्रैक पर युवक का शव पड़ा होने की सूचना मिली थी। शव का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल में कराया गया है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और आगे की जांच के बाद ही मौत की असली वजह स्पष्ट हो पाएगी।

### डीआरएम को सौंपा ज्ञापन रखी विभिन्न मांगें
## रेलवे अप डाउनर्ज वेलफेयर एसोसिएशन जिलाध्यक्ष ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

रेलवे अप डाउनर्ज वेलफेयर एसोसिएशन जिलाध्यक्ष विवके शर्मा ने दक्षिण पूर्व मध्य रेल नागपुर मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता से मुलाकात की। उन्होंने बालाघाट जिले के तहसील क्षेत्र वारासिवनी, कटंगी, तिरोड़ी के इन मुख्य वारासिवनी, कटंगी, तिरोड़ी स्टेशन को प्रदेश की राजधानी भोपाल और आर्थिक राजधानी की सीधी ट्रेन की कनेक्टिविटी से अछूता ना रखा जाये और बालाघाट तुमसर रेल खंड होकर और इन स्टेशन से होकर प्रदेश की राजधानी भोपाल और आर्थिक राजधानी इंदौर के लिए सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन के परिचालन की मांग की जिसके लिए माँग पत्र भी मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता को सौंपा गया है। जिसमे उन्होंने गाड़ी संख्या क्रमांक 12923/24 अंबेडकर नगर नागपुर अंबेडकर सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन का तुमसर, कटंगी, बालाघाट हो कर गोंदिया जंक्शन मार्ग विस्तार करने के लिए आग्रह किया गया है।

गोंदिया स्टेशन में ट्रेनों के रखरखाव एवं प्राथमिक अनुरक्षण की कोचिंग डिपो गोंदिया में पर्याप्त व्यवस्था उपलब्ध है। उक्त ट्रेन गाड़ी संख्या 12923/24 अंबेडकर नगर सुपरफ़ास्ट साप्ताहिक ट्रेन है, जो अभी आरएसए के साथ हफ़्ते के एक दिन नागपुर तक परिचालित हो रही है, इस ट्रेन का नागपुर स्टेशन में 10 बजकर 40 मिनट लेओवेर है, इसका प्राथमिक अनुरक्षण अभी अंबेडकर नगर में होता है, इस प्राथमिक अनुरक्षण को गोंदिया शिफ्ट कर इस ट्रेन का मार्ग विस्तार नागपुर के आगे, तुमसर, कटंगी, बालाघाट, हो कर गोंदिया करते हुए इसे त्रिसप्ताहिक परिचालन किया जाए, जो पूर्णतः परिचालनिक दृष्टिकोण से संभव है।



यह ट्रेन वर्तमान में हर मंगलवार को अम्बेडकर नगर महू स्टेशन से रात के 9 बजे रवाना होती है, और बुधवार को सुबह 8 बजकर 20 मिनट में नागपुर पहुँच जाती है इसके बाद यह ट्रेन का नागपुर स्टेशन में 10 बजरकर 40 मिनट लेओवेर है इसके बाद ये ट्रेन बुधवार के दिन ही नागपुर स्टेशन से शाम को 7 बजे रवाना हो कर गुरुवार को सुबह 5 बजकर 45 मिनट में अंबेडकर नगर महू पहुँच जाती है। 10 बजकर 40 मिनट नागपुर के लेओवेर में यह ट्रेन का आसानी से नागपुर से विस्तार करते हुए तुमसर, तिरोड़ी कटंगी, वारासिवनी, बालाघाट होकर गोंदिया विस्तार संभव है।

इसके अतिरिक्त विवके शर्मा ने दैनिक यात्रा करने वाले रेल यात्रियों के हितों को दृष्टिगत रखते हुए ट्रेनों में यात्रा के दौरान ट्रेनों की लेट लतीफी से परेशानियों को रेल्वे, स्टेशनो के रुके विकास कार्य पुनः जल्द से जल्द करने, यात्री मेमु ट्रेनों की लेट लतीफी के समाधान, के विषय में सार्थक चर्चा की। उन्होंने मंडल रेल प्रबंधक महोदय का पिछले करीब 1 वर्ष से तिरोडी, कटंगी, वारासिवनी इन स्टेशन का निरीक्षण नहीं किया है, पिछले वर्ष कार्यभार संभालने के बाद 27 फरवरी को मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता ने इन स्टेशन और बालाघाट तुमसर रेल खंड का निरीक्षण किया था, इसके बाद से ही उनका इस रेल खंड में किसी भी प्रकार औपचारिक या अनौपचारिक रूप से आना नहीं हुआ है। उन्होंने इन स्टेशनों का दौरा करने का आग्रह भी किया है ताकि यात्रियों को होने वाली परेशानियों को और क़रीबी से देख के उस पर सकारात्मक कार्यवाही की जा सके ।

## एक रोटी के लिये मध्यप्रदेश शासन और जिला प्रशासन के बीच संघर्ष
### बालाघाट में रोटी मशीन टेंडर निरस्त, मध्यान्ह भोजन व आंगनवाड़ी व्यवस्था पर संकट

हरिभूमि न्यूज लांजी।

संयुक्त क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक किशोर समरीते ने मध्यप्रदेश सरकार और जिला प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि प्रदेश में मध्यान्ह भोजन योजना तथा महिला-बाल विकास विभाग के अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्रों में रोटी बनाने की मशीनें लगाने की प्रक्रिया प्रशासनिक खींचतान के कारण अधर में लटक गई है।

श्री समरीते ने जारी बयान में कहा कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रदेश के सभी जिलों में रोटी मशीनें स्थापित करने के लिये टेंडर जारी किये गये थे। इसी क्रम में बालाघाट जिले में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा दो बार टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ की गई, किंतु कलेक्टर



बालाघाट द्वारा दोनों ही बार टेंडर निरस्त कर दिये गये। उन्होंने कहा कि टेंडर की शर्तों के अनुसार आपूर्तिकर्ता के पास कम से कम 35 रोटी मशीनें बेचने का अनुभव होना अनिवार्य रखा गया था, जिसे कोई भी आपूर्तिकर्ता पूरा नहीं कर सका। वहीं दूसरी बार की टेंडर प्रक्रिया में टेंडर स्वीकृति समिति के एक सदस्य जिला कोषालय अधिकारी द्वारा आटे की लोई बनाने वाली मशीन को रोटी बनाने की मशीन बताकर प्रस्तुत किये जाने का प्रयास किया गया, जिससे कलेक्टर को गुमराह किया गया। किशोर समरीते ने आरोप लगाया कि इस पूरी प्रक्रिया का सीधा असर बालाघाट जिले के मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम पर पड़ रहा है। स्कूलों, आंगनवाड़ी केंद्रों तथा छात्रावासों में बच्चों को रोटी के स्थान पर भात दिया जा रहा है। जबकि शिक्षा सत्र के समाप्त होने में अब महज दो माह शेष हैं और बच्चे पौष्टिक भोजन से वंचित हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भात के लिये जिस चावल की आपूर्ति की जा रही है, उसकी गुणवत्ता बेहद निम्न स्तर की है। उन्होंने दावा किया कि यही स्थिति जिला अस्पताल से लेकर तहसील क्षेत्रों में संचालित सिविल अस्पतालों में भी देखने को मिल रही है। श्री समरीते ने इसे पूरे प्रदेश की विडंबना बताते हुए कहा कि झारखंड में भूख से मरने वाली बच्ची संतोषी की मौत के बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास को इस्तीफा तक देना पड़ा था।